(ख) क्या इसके संतोषजनक रूप से कार्य किया है ; यदि हां, तो किस हद तक ;

(ग) उस मार्ग में कितने ऐसे स्टेशन बने हैं जहां से माल के ग्राहकों को सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं; और

(घ) क्या यात्रियों को भी इस मार्ग पर कुछ स्टेशनों तक सफर करने की अनुमति दी जाएगी ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) सी० आई० डब्ल्यू० टी० सी० द्वारा 1983-84 से हल्दिया और फरक्का के बीच नियमित जल परिवहन सेवाएं शुरू की गई थीं । तथापि कलकत्ता और पटना के बीच प्रायोगिक आधार पर फरक्का नेवीगेशन लाक के रास्ते वाणिज्यिक सेवाएं जनवरी, 1987 में शुरू की गई थीं । चूंकि फरक्का लाक अभी चालू नहीं हुआ है ।. इसलिए फरक्का की ऊपरी धारा में नियमित वाणिज्यिक सेवाएं चालू कर पाना अभी संभव नहीं हो पाया है । प्रायोगिक सेवा संतोषजनक ढंग से प्रचलित की गई । कलकत्ता से मिर्जापुर और इलाहाबाद तक ओवर-डाइमेंशड कार्गो भेजे गए ।

(ग) सी० आई० डब्ल्यू० टी० सी० जहाजों द्वारा पटना, कहलगांव, कलकत्ता और हल्दिया में कार्गो बुकिंग की सुविधायें उपलब्ध हैं ।

(घ) यात्री सेवाओं के प्रचालन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है ।

वाराणसी में गंगा पर रामनगर पुल

1262. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाराणसी में गंगा पर रामनगर पुल का शिलान्यास भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था ;

(ख) अब तक इस संबंध में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि इस परियोजना पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है, ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस परियोजना पर कितनी धन राशि खर्च किए जाने की संभावना है और इस पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) यह परियोजना 28.22 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से स्वीकृत की गई है । टेंडर भी प्राप्त हो गए हैं । ठेका दिए जाने के बाद निर्माण शुरू होगा । इस पुल के 1991 तक बनकर तैयार हो जाने की संभावना है ।

एशियाई राजमार्ग

1263. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एशियाई राजमार्ग (तेहरान से सिंगापुर) का कितना किलोमीटर भारतीय भू-भाग में पड़ता है ;

(ख) उनमें कितने-कितने किलोमीटर का निर्माण मानकों के अनुसार किया गया है ; और

(ग) क्या उक्त राजमार्ग पर सभी पुलों के निर्माण से संबंधित निर्माण कार्य पूरा हो चुका है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) भारतीय क्षेत्र से गुजरने वाले एशियाई राजमार्ग (तेहरान से सिंगापुर) के भाग की लम्बाई 2079 कि० मी० है ।